# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**विषय हिंदी** **कक्षा 9 अभ्यास पत्र अक्तूबर (2024-25)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

राष्ट्र केवल जमीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों के रूप में प्राप्त होती है। जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं-हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है। जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है-देश को प्राथमिकता देना, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गांधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय पर अटल रहे। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

(क) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

कथनः

(1) राष्ट्र केवल जमीन का एक टुकड़ा है।

(2) राष्ट्र हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

(3) सांस्कृतिक विरासत हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त होती है।

(4) जिसमें हम पलते-बढ़ते हैं वह राष्ट्र कहलाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही कथन है/हैं?

(i) कथन (1) तथा (4) सही हैं।

(ii) केवल कथन (2) सही है।

(iii) कथन (2), (3) तथा (4) सही हैं।

(iv) केवल कथन (3) सही है।

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनिए -

कथन (A): राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है- देश की प्राथमिकता।

कारण (R): राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए कुछ करने की भावना राष्ट्रीयता है।

विकल्पः

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

कथनः

(i) व्यक्तिगत स्वार्थ एवं राष्ट्रीय भावना परस्पर विरोधी हैं।

(ii) व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण लोग राष्ट्र के बारे में सोचते हैं।

(iii) जब व्यक्ति स्वार्थ त्याग कर देश के लिए सोचता है तो देश आगे बढ़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

विकल्पः

(i) कथन (1) तथा (3) सही हैं।

(ii) कथन (1), (2) तथा (3) तीनों सही हैं।

(ii) कथन (2) तथा (3) सही हैं।

(iv) कथन (1) तथा (2) सही हैं।

(घ) राष्ट्र क्या है?

(ङ) 'स्व' से क्या अभिप्राय है तथा लेखक ने इसे मिटाना क्यों आवश्यक बताया है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

i. मुखर्जी महोदय ने रामन् के सामने क्या प्रस्ताव रखा ?
ii. रामन् के जीवन से भावी पीढ़ी को क्या प्रेरणा मिलती है ?
iii. महादेव को साहित्यिक लेखन का समय न मिलने का क्या कारण था?
iv. शुक्रतारे के समान किसे बताया गया और क्यों?

**प्रश्न 3 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए-**

(i) वर्षा होने के कारण नालियाँ भर गई।

(ii) आज ममता विद्यालय नहीं आई है।

(iii) क्या आप फ़िल्म देखने नहीं चलेंगे?

(iv) यदि अच्छे अंक आएँगे तो छात्रवृत्ति मिलेगी।

(v) अरे! यह गीत तुमने लिखा है।

(vi) संभवतः इस साल 'सिग्नेचर ब्रिज' का काम पूरा हो जाए।

(vii) काश! महँगाई कम हो जाती।

(viii) इस प्रश्न का उत्तर लिखकर लाना।
(ix) यात्री पेड़ के नीचे लेटकर आराम कर रहा था।
(x) ऐसी सरदी में बाहर मत जाओ ।